आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 07.02.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- 38वें राष्ट्रीय खेलों में आज का दिन उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक। मुक्केबाजी में प्रदेश को तीन, जबकि ताइक्वांडो में एक स्वर्ण पदक मिला।
- राज्य के विभिन्न जिलों में नगर निगम और नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित मेयर, अध्यक्षों और सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।
- आरबीआई ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी के साथ इसे सवा छह प्रतिशत किया।
- शिक्षा विभाग ने छात्रों को तनावमुक्त होकर उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया।

## 38वें राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों में आज का दिन उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक रहा। मुक्केबाजी में प्रदेश ने तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए, जबकि ताइक्वांडो में भी एक स्वर्ण जीतकर खेल प्रेमियों को जश्न का मौका दिया। पुरुष मुक्केबाजी में हेवीवेट कैटेगरी में उत्तराखंड के कपिल पोखरिया ने मध्य प्रदेश के पारस को और सुपर हेवीवेट कैटेगरी में नरेंद्र ने राजस्थान के तरुण शर्मा को हराकर स्वर्ण पदक जीते। महिला मुक्केबाजी में उत्तराखंड की निवेदिता कार्की ने लाइट फ्लाईवेट (50 किलोग्राम) में बाजी मारी।
ताइक्वांडो में भी उत्तराखंड का जलवा दिखा, जहां महिला अंडर–57 किलोग्राम क्योरुगी स्पर्धा में पूजा ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि पुरुष अंडर–68 किलोग्राम में महेंद्र परिहार ने रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।

इस बीच, उत्तराखंड और केरल के बीच पुरुष फुटबॉल का फाइनल मुकाबला जारी है, जहां दोनों टीमें जीत के लिए संघर्ष कर रही हैं। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के एथलीटों की यह शानदार सफलता प्रदेश के खेल इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगी।

पदक तालिका में पर नजर डालें तो उत्तराखंड आठ स्वर्ण, उन्नीतस रजत और सत्रह कांस्य पदकों के साथ दसवें स्थान पर पहुंच गया है।

## निकाय शपथ

प्रदेश में आज विभिन्न जिलों में नगर निगम और नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित मेयर, अध्यक्षों और सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। हरिद्वार नगर निगम में नवनिर्वाचित मेयर और वॉर्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बागेश्वर में नगर पालिका के नव निर्वाचित अध्यक्ष सहित 11 सभासदों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। चम्पावत जिले के तीन नगर पालिकाओं में नवनिर्वाचित अध्यक्षों और सभासदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं, पौड़ी में नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। टिहरी, उत्तरकाशी और अल्मोड़ा में भी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

पीएम विश्वकर्मा योजना

पौड़ी जिले के कोटद्वार में आज प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकास कार्यालय हल्द्वानी के सहायक निदेशक अमित मोहन ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मकारों और शिल्पकारों की कला और योग्यता को और अधिक मजबूत करके उन्हें कुशल कारीगर बनाना है।

जिला उद्योग केन्द्र, कोटद्वार के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई।

वहीं लाभार्थियों ने पीएम विश्वकर्मा योजना को एक अच्छी योजना बताते हुए कहा कि इसके तहत उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें आर्थिक सहयोग मिला है, जिससे उन्हें अपने छोटे कारोबार को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

नीतिगत रेपो रेट

भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए करीब पांच वर्ष बाद नीतिगत रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कमी की है और इसे साढ़े छह प्रतिशत से घटाकर सवा छह प्रतिशत कर दिया है। रेपो रेट वह ब्याज दर है जिस पर भारत में वाणिज्यिक बैंक रिजर्व बैक से धन उधार लेते है। केन्द्रीय बैंक के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति– एमपीसी की तीन दिन की बैठक के बाद आज मुम्बई में यह घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप, स्थाई जमा सुविधा–एसडीएफ की दर 6 प्रतिशत और मार्जिनल स्थायी सुविधा–एमएसएफ दर तथा बैंक दर साढ़े 6 प्रतिशत रहेगी। बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के लिए श्री मल्होत्रा ने यह भी घोषणा की कि, रिजर्व बैंक भारतीय बैंकों के लिए एक विशेष इंटरनेट डोमेन– श्बैंक डॉट आई एनश लागू करेगा। आरबीआई ने यह भी निर्णय लिया है कि इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह में वित्तीय निर्णय लेने और घरेलू बजट बनाने में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया जाएगा।

बोर्ड परीक्षा कार्यशाला

प्रदेश में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू हो रही हैं। छात्रों को तनावमुक्त होकर परीक्षा देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग की ओर से तनाव प्रबंधन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। शिक्षा महानिदेशक झरना कमठान ने बताया कि कार्यशाला से वचुर्अली जुड़े करीब लगभग 200 स्कूलों के छात्रों को तनावमुक्त होकर परीक्षा देने के गुर सिखाए गए। वहीं, 10 फरवरी को प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि विभाग ने इसके लिए तैयारियां तेज कर दी हैं।

उत्तरकाशी बैठक

उत्तरकाशी जिले के मुखबा और हर्षिल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर अपर जिलाधिकारी प्यारे लाल शाह ने आज हर्षिल में होटल व्यवसायियों और होम स्टे संचालकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि इस महीने शीतकालीन यात्रा में श्री मोदी के प्रस्तावित भ्रमण से पर्यटन और तीर्थाटन के लिए हर्षिल घाटी को एक नई पहचान मिलेगी। बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

पुलिस परेड देहरादून

पुलिस लाइन देहरादून में आज पुलिस कर्मियों की फिटनेस के लिए परेड का आयोजन किया गया। परेड में विभिन्न थानों, कार्यालयों, शाखाओं, और पुलिस लाइन में नियुक्त 450 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने फिजिकल फिटनेस के लिये नियमित रूप से पुलिस कर्मियों की परेड कराने के निर्देश दिये। परेड के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाईन में नियुक्त उन सभी पुलिस कर्मियों से मुलाकात की, जो

लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने सभी की स्वास्थ्य की जानकारी ली और उन्हें हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया।

चरस गिरफ्तार

बागेश्वर जिले में एसओजी और कपकोट पुलिस ने एक किलोग्राम से अधिक अवैध चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। चरस की कीमत दो लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने पत्रकार वार्ता में बताया कि नशामुक्ति को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की संयुक्त टीम ने भराड़ी मुनार रोड पर नौलिग देवता मंदिर गेट के पास चेकिंग के दौरान चरस के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार किया।